तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री


हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026



15 अंडा थाना में 500 महिला कमांडो को मिला सिविल डिफेंस प्रशिक्षण



16 जिपं सीईओ ने गंगोरीपार का किया आकस्मिक निरीक्षण






## खबर संक्षेप

### सोमवार को होगा कलेक्टर जनदर्शन

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आम जनता के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के तिथि को संशोधित कर आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### डीबीटी से हितग्राहियों को मिले 5-5 लाख

**बालोद।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जिले के 02 हितग्राहियों को 05–05 लाख रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांरित की गई है। जिसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम साजा के बीमित व्यक्ति त्रिवेणी बाई के नामिनी संतराम ढीमर एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खेरथाबाजार के बीमित व्यक्ति रूपेश निषाद के नामिनी दुरपति बाई निषाद को 05–05 लाख रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांरित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालको का निःशुल्क दुर्घटना बीमा किया जाता है। बीमा के तहत मृत्यु पर राशि 05 लाख रूपये, स्थाई–अस्थाई अपंगता पर राशि 02.50 लाख एवं अस्पताल भर्ती होने पर राशि 25 हजार रूपये तक की सहायता बीमित व्यक्ति या नामिनी को भुगतान की जाती है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात युवक की लाश

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है। युवक का सिर धड़ से अलग था। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है। जानकारी के अनुसार युवक का उम्र करीब 30 साल है। मृतक ने नीले और सफेद रंग की जींस तथा कत्थई रंग की फुल शर्ट पहन रखी थी।

# भीषण गर्मी में राहत का सहारा बनेगा लाल मटका, बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

जैसे-जैसे गर्मी अपने चरम की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे दल्लीराजहरा के बाजार, चौक-चौराहे और सड़कों पर सजे लाल मटकों के कतारबद्ध दृश्य लोगों को ठंडक और राहत का भरोसा दिला रहे हैं। शहर में जगह-जगह लगी मिट्टी के मटकों की दुकानें अब केवल व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि भीषण गर्मी में जनजीवन के लिए प्राकृतिक फ्रिज बन चुकी हैं। आधुनिक तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस दौर में भी मिट्टी का यह साधारण सा बर्तन अपनी सादगी, उपयोगिता और प्राकृतिक गुणों के कारण सबसे भरोसेमंद समाधान बनकर उभरा है। लाल मटका आज सिर्फ पानी ठंडा करने का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, स्वास्थ्य और परंपरा का प्रतीक बन चुका है।

#### स्वास्थ्य और स्वाद का भरोसा

ग्राहकों की सोच भी साफ है—प्राकृतिक और स्वास्थ्यकर विकल्प की ओर वापसी।
एक ग्राहक कहते हैं—फ्रिज का पानी ठंडा तो होता है, लेकिन मटके के पानी का स्वाद अलग ही होता है। यह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि ताजगी और सुकून देता है।"

#### पर्यावरण और रोजगार का मजबूत आधार

लाल मटका सिर्फ ठंडक नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार का मजबूत संदेश भी देता है।
एक सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार का कहना है—मटका खरीदना सिर्फ पानी के लिए नहीं, बल्कि कुम्हारों के रोजगार, परंपरा और आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूत करने का कदम है।"



#### बुजुर्गों की यादें, नई पीढ़ी की समझ

नगर के वरिष्ठ नागरिक बताते हैं कि पहले हर घर में मटका हुआ करता था।
एक बुजुर्ग बजरंग कोसमा कहते हैं—पहले मटका जीवन की जरूरत था, अब लोग इसके वैज्ञानिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय फायदे समझकर फिर से इसे अपना रहे हैं। दल्लीराजहरा में लाल मटका अब केवल पानी ठंडा करने का साधन नहीं रहा, बल्कि वह सांस्कृतिक पहचान, पर्यावरणीय समाधान और स्थानीय आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। भीषण गर्मी में मिट्टी की यह ठंडक शहर के जनजीवन को सुकून, परंपरा और भरोसे का एहसास एक साथ करा रही है।

**कुम्हारों की परंपरा, पीढ़ियों का अनुभव :** स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि मटका केवल मिट्टी का बर्तन नहीं, बल्कि पीढ़ियों के अनुभव और पारंपरिक ज्ञान का परिणाम है।
**एक कुम्हार बताते हैं**—मिट्टी की बनावट ही ऐसी होती है कि पानी अपने आप ठंडा हो जाता है। इसमें न बिजली लगती है, न मशीन, फिर भी प्राकृतिक ठंडक मिलती है। यही वजह है कि मटका आज भी सबसे भरोसेमंद है।
**बढ़ी मांग, बाजारों में रौनक :** इस वर्ष गर्मी जल्दी और तेज़ शुरू होने के कारण मटकों की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है।दुकानदारों के अनुसार—हर दिन दर्जनों मटके बिक रहे हैं। घरों के लिए छोटे मटके, दुकानों और दफ्तरों के लिए बड़े मटके ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

परीक्षा : 19 केंद्रों में 12वीं की परीक्षा शुरू

# बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिवस विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

विकास खण्ड गुरूर के विद्यालयो में बोर्ड परीक्षा का प्रथम दिवस बच्चो में परीक्षा के तनाव को दूर करने एवं उत्साह पूर्ण वातावरण निर्मित करने के लिए अभिनव पहल करते हुए परीक्षा के पूर्व उनका परीक्षा केंद्रों में बच्चों का स्वागत पुष्पगुच्छ, गुलाल चंदन लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरूर के प्राचार्य टी गौतम एवं अन्य शिक्षको ने स्वयं बच्चो को तिलक लगा उनका उत्साहवर्धन किया। इससे बच्चे तनाव मुक्त हो खुशी खुशी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

विकासखण्ड में के 19 परीक्षा केंद्रों में कक्षा बारहवीं की परीक्षा 20 फरवरी को भौतिक शास्त्र एवं भूगोल विषय के साथ परीक्षा का शुभारंभ हुआ। विकास खण्ड गुरूर में 1160 पंजीकृत छात्र छात्रओं में से 1150 छात्र – छात्राएं परीक्षा में उपस्थित होकर अपने पर्चे दिये।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चन्द्राकर, विकास खण्ड स्त्रेत केन्द्र समन्वयक चन्द्रभान सिंह निर्मलकर ने बताया कि परीक्षा सुबह 9.00 बजे से प्रारंभ हुई और दोपहर 12.30 बजे तक चलेगी। विकास खण्ड के सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सभी सुविधाएं पूर्ण कर ली गई है। प्रथम दिवस सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई है। कही से कोई अप्रिय घटना घटित नही हुआ है। 21 फरवरी से कक्षा दसवीं की परीक्षाएं भी प्रारंभ होंगी।



### बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू, पहले दिन 6,552 विद्यार्थी हुए शामिल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं (हायर सेकेंडरी) की मुख्य परीक्षा आज बालोद जिले में शांतिपूर्ण और उत्सव के माहौल में शुरू हुई। जिले के 111 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन भौतिक शास्त्र और भूगोल विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 6,600 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 6,552 परीक्षार्थएँ शामिल हुए, जबकि 48 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। पूरे जिले में नकल का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया।

**बिना किसी डर और तनाव के परीक्षा को एक उत्सव के रूप :** परीक्षा के पहले दिन जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बच्चों का हौसला




बढ़ाने के लिए एक अभिनव पहल की। वे परीक्षा शुरू होने से पहले सरस्वती शिशु मंदिर बालोद पहुंचीं। वहां उन्होंने परीक्षार्थियों को तिलक लगाया और उनका मुंह मीठा कराया। डीईओ ने छात्र–छात्रओं को बिना किसी डर और तनाव के परीक्षा को एक उत्सव के रूप में ⏭ शेष पेज 14 पर

#### विकासखण्ड वार केंद्र

जिसमे बालोद विकासखण्ड के 16 केन्द्रो के 1161 परीक्षार्थीयो में 1153 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 08 अनुपस्थित हुए। गुरूर विकासखण्ड के 19 केन्द्रो में 1160 परीक्षार्थीयो में 1150 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 10 अनुपस्थित रहे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 29 केन्द्रो के 1664 परीक्षार्थी में से 1631 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथ 13 अनुपस्थित रहे। गुण्डरदेही विकासखण्ड के 26 केन्द्रो में 1593 परीक्षार्थी में से 1584 परीक्षार्थी समिलित हुए तथा 09 अनुपस्थित रहे। डौण्डी विकाखण्ड के 21 केन्द्रो में 1042 परीक्षार्थी मे से 1034 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 08 अनुपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टोरेट के पास एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। मृतक की पहचान झलमला निवासी 42 वर्षी सुनील मिश्रा के रूप में हुई है। जो आदमाबाद स्थित रेस्ट हाउस में पूर्व में चौकीदार के रूप में कार्यरत रह चुके थे।

जानकारी के अनुसार सुनील मिश्रा मंगलवार से लापता थे। गुरुवार शाम उनका शव सिवनी कलेक्टोरेट से लगे तांदुला ईको टूरिज्म रिसॉर्ट आदमाबाद के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। शव के पास ही कीटनाशक और शराब की शीशी भी मिली है।

■ मामले की जांच जारी है

शव की स्थिति अत्यंत गंभीर थी और जंगली जानवरों द्वारा चेहरे को क्षति पहुंचाए जाने के कारण पहचान में कठिनाई हुई। बाद में मृतक के बड़े भाई सुशील मिश्रा ने कपड़ों और कद–काठी के आधार पर शिनाख्त की। पुलिस को शव के पास से कीटनाशक की एक शीशी और शराब की बोतल बरामद हुई है।

प्रारंभिक जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। गुरुवार रात शव को जिला अस्पताल की मर्च्युरी में रखा गया था। शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों के अनुसार, मृतक पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और शारीरिक स्थिति को लेकर मानसिक तनाव में रहते थे। वे तलाकशुदा थे और एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

घंटों इंतजार के बाद मिली जानकारी

# ग्राम पंचायत कंवर में ऑडिट के दौरान सचिव नदारद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायतो में सचिवो की मनमानी रूक नही रही है। सचिवो की मनमानी का शिकार अब ग्रामीणो के साथ आडिटर भी होने लगे है। जिससे प्रभावितो का समय व शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत कंवर का है। शुक्रवार को जिला से आडिटर एलआर मंडावी पंचायत के अभिलेखो की जांच करने ग्राम पंचायत कंवर पहुंचे थें। आडिटर पंचायत कार्यालय पहुंच गए, लेकिन सचिव भूपेन्द्र साहू पंचायत से नदारद थे। पंचायत में पंचायत भृत्य ही उपस्थित थे, प्रारंभ में सचिव से संपर्क नही हो पा रहा था। घंटो इंतजार के बाद सचिव से मोबाईल पर संपर्क हुआ। तब पता चला कि सचिव आज नही आ रहा है। आडिटर एलआर मंडावी ने बताया कि हमारे आडिट में आने के पूर्व जिला कार्यालय द्वारा संबंधित पंचायत को सूचना पहले ही दे दी जाती है। जिससे पंचायत अपनी तैयारी कर सके एवं संबंधित कर्मचारी समय पर उपलब्ध हो। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव भूपेन्द्र साहू ने स्वास्थ खराब होने के कारण अवकाश पर थे, लेकिन आरोप है कि सचिव ने इसकी जानकारी सरपंच को नही दी। आडिट पर आने आडिटर को भी नही दी, यहां तक कि पंचायत में कसी को इसकी जानकारी नही थी। सचिव ने अवकाश पर है। सचिव ने अवकाश का पत्र सीईओ जनपद पंचायत गुरूर को भेजा था।

■ 55 किलोमीटर दूर से पहुंचे थे आडिटर

आडिटर के अनुसार जिला से जारी सूचना के अनुसार शुक्रवार को आडिटर को ऑडिट के लिए आना था, इसकी सूचना सचिव को भी थी। यदि सचिव ने अपने अवकाश की सूचना सीईओ के साथ ऑडिटर को भी दे दी होती तो आडिटर जिला से 55 किलोमीटर की दूरी तय कर कंवर पंचायत नही पहुंचता और अन्य शासकीय कार्य कर सकता था। यदि सचिव ⏭ शेष पेज 14 पर

#### नई तिथि तय कर पत्र भेजा जाएगा

सरपंच बालचंद टण्डन ने कहा सचिव के अवकाश पर रहने की जानकारी नही है। आडिटर आरएल मंडावी ने कहा जिला से सूचना पूर्व में भेजी जा चुकी थी लेकिन सचिव पंचायत में नही मिला। सचिव के नही मिलने का प्रतिवेदन जिला को दिया जाएगा। आडिट की नई तिथि तय कर पत्र भेजा जाएगा। सीईओ जनपद पंचायत गुरूर उमेश रात्रे ने कहा सचिव भूपेन्द्र साहू ने स्वास्थ खराब होने का कारण बताते हुए। अवकाश का पत्र भेजा है।

## सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकराई बाइक, युवक की मौत

**गुरूर।** मोटर सायकिल सवार युवक सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गई। गंभीर हालत मे उसे समुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि युवक हेलमेट नही पहना था। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनोरा निवासी अनिल कुमार 22 वर्ष अपने बाईक के माध्यम से गुरूर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम तार्री के पास सड़क किनारे खड़े मालवाहक से जा टकराया। जिसके बाद आस पास के राहगिरो द्वारा घायल युवक को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। ग्रामीणो का आरोप है कि 108 को सूचना देने के बाद वाहन बहुत विलंब से पहुंचा। जिससे समय पर उचित ईलाज नही मिल पाया। वही मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।



# पीएम आवास योजना की प्रगति पर जपं हुई में समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में सर्व सचिव, रोजगार सहायक, उपअभियंता, एडीईओ, एजीपीओ एवं तकनीकी सहायकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किश्त राशि जारी कर समस्त हितग्राहियों को यथाशीघ्र प्रारंभ एवं प्रारंभ आवासों का शीघ्र जियो

30 मार्च तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा



टैगिंग सुनिश्चित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में द्वितीय किश्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवासों को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किये गये।

वर्ष 2024–26 तक के अपूर्ण आवासों को 30 मार्च 2026 तक शत–प्रतिशत पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों–कर्मचारियों द्वारा बताए गए समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक मार्ग दर्शन एवं दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक में सभी पूर्ण आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

समर्थन मूल्य में वृद्धि से आदिवासी परिवारों के चेहरे खिले

# आदिवासी क्षेत्रों में महुआ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के आदिवासी ब्लॉक क्षेत्रों में महुआ की मांग और समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। महुआ अब केवल पारंपरिक वन उपज नहीं रह गया है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आजीविका, स्वास्थ्य और स्वरोजगार का सशक्त आधार बनता जा रहा है।

■ दल्लीराजहरा सहित आदिवासी ब्लॉक क्षेत्रों में मांग

क्षेत्र में महुआ का समर्थन मूल्य वर्तमान में रु 30 से रु 34 प्रति किलो तक पहुँच चुका है, जिससे वनवासी परिवारों, संग्राहकों और महिला स्व-सहायता समूहों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। महुआ संग्रह अब मौसमी आय का साधन नहीं रहकर स्थायी आजीविका मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है।

महुआ के बढ़ते औषधीय और पोषण महत्व के कारण इसकी मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार महुआ में प्राकृतिक ऊर्जा तत्व, आयरन, कैल्शियम, फाइबर तथा औषधीय गुण पाए जाते हैं, जिससे यह पाचन तंत्र, रोग प्रतिरोधक क्षमता और शरीर की ऊर्जा वृद्धि में सहायक होता है।

अब महुआ से केवल पारंपरिक उपयोग ही नहीं बल्कि आधुनिक खाद्य एवं स्वास्थ्य उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं। इनमें महुआ लड्डू, महुआ चाय, महुआ शरबत, बिस्किट, आयुर्वेदिक औषधियाँ एवं प्राकृतिक टॉनिक उत्पाद शामिल हैं, जिससे बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

अरमुरकसा स्थानीय नागरिक रामनाथ साहू ने कहा कि महुआ से बने उत्पाद अब बाजार में आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी हैं।

उन्होंने कहा कि महुआ चाय और लड्डू जैसे उत्पाद अब लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनते जा रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ता मीना बाई ने बताया कि महुआ से बने खाद्य उत्पाद प्राकृतिक होते हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए लाभदायक साबित हो रहे हैं।

महुआ संग्राहक परिवारों आयुष कुमार का कहना है कि पहले महुआ केवल पारंपरिक उपयोग तक सीमित था, लेकिन अब यह आय का स्थायी स्त्रोत बन गया है।

एक संग्राहक महिला सुनिता देवी ने बताया कि समर्थन मूल्य बढ़ने से अब महुआ संग्रह से पूरे परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी हो पा रही हैं। मां बजरंग महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों अनिता, नेहा,पायल ने कहा कि महुआ के संग्रह, प्रसंस्करण और विपणन से महिलाओं को नियमित आय का साधन मिला है।

समूह की एक सदस्य ने बताया कि अब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी में भागीदार बन चुकी हैं।

#### छत्तीसगढ़ शासन की योजना और नीति

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महुआ सहित लघु वनोपज को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। शासन द्वारा लघु वनोपज समर्थन मूल्य योजना के तहत मूल्य निर्धारण, संग्रह केंद्रों की स्थापना, प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा, महिला समूहों को प्रशिक्षण, ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने तथा विपणन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है।



#### आत्मनिर्भरता का बन चुका सशक्त माध्यम

वन विभाग के अधिकारी जीवन लाल ने बताया कि महुआ को अब केवल वन उपज नहीं बल्कि आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की नीति है कि वन उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आय वृद्धि को स्थायी स्वरूप दिया जाए।
दल्लीराजहरा नगर सहित आदिवासी ब्लॉक क्षेत्रों में महुआ अब केवल वन उपज नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, आजीविका सृजन, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### सड़क बाधा करने वालों पर लगा जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सड़क बाधा कर व्यापार करने वालो पर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। सड़क बाधा करने से नागरिकों को आवागमन में बहुत परेशानी होती है । निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सड़को से अवैध संचालित दुकानों को हटाया गया। जोन-1 वार्ड क्रमांक-10 लक्ष्मी नगर एवं वार्ड क्रमांक-17 नेहरू नगर भवन के पास प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित सिंगलयूज प्लास्टिक तथा सड़क बाधा पाये जाने पर चालानी कार्यवाही किया गया है। अशोक फल ठेला, कृष्णा फल ठेला, राजेंदर चौहान गन्ना जूस सेंटर, अंजली चौहान गन्ना जूस, भारत प्लास्टिक, अजय प्लास्टिक, राजेश साव से कुल 2300 रुपए का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में इस तरह का समझाइस दिया गया है। इसी प्रकार जोन-3 अंतर्गत, सड़क बाधा कर व्यापार करने वाले 14 वेंडरों से कुल 6900 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। मौके पर सभी दुकानों को हटवाया गया है, जिससे आवागमन सुगम हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बता दें कि लोगों के द्वारा इसे लेकर शिकायत की जा रही है। शिकायत के आधार पर ही ननि भिलाई ने अभियान शुरू किया है। आगामी दिनों में और भी प्रमुख सड़कों के आसपास कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार हाईवा के चालक पर 15 हजार का जुर्माना




**भिलाई।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और नशे में ड्राइविंग का मामला सामने आया है। यातायात पुलिस की इंटरसेप्टर टीम ने एक लोडेड हाइवा को खतरनाक ढंग से चलाते हुए पकड़ा।

जानकारी के अनुसार पुलिस को 18 फरवरी को रायपुर-दुर्ग नेशनल हाईवे पर पेट्रोलिंग के दौरान सुपेला क्षेत्र के पास एक हाइवा वाहन सीजी 07 सीएफ 6324 तेज गति से लहराते हुए चलता दिखाई दिया। वाहन की रफ्तार और तरीका ऐसा था कि आसपास के वाहन चालकों और राहगीरों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। टीम ने तुरंत पीछा किया और नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक के पास वाहन को रोका। जांच के दौरान चालक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया, जिसमें उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 और 184 के तहत मामला दर्ज किया। वाहन जब्त कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए चालक पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

## पेज 13 के शेष

### बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण...

मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। परीक्षा को सुचारू और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल पूरी तरह मुस्तैद रहा। पहले दिन दल ने सेजेस कन्नेवाड़ा, सेजेस झलमला, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जं/सांकरा और शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बघमरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने वाले दल में डीईओ मधुलिका तिवारी के साथ सहायक परियोजना समन्वयक लेख राम साहू, एबीओ मोहिनी यादव व उमा ठाकुर, जिला खेल समन्वयक सपन जेना और व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य व आदिला खान शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत कंवर...

ने अपने अवकाश की सूचना सरपंच को भी दी होती तो आडिटर के पंचायत आने के तुरंत बाद सरपंच द्वारा सचिव के अवकाश पर रहने की जानकारी आडिटर को दे दी जाती, जिससे समय पर जानकारी मिलने से आडिटर को घंटो इंतजार नही करना पड़ता एवं वे तत्काल वापस जिला पहुंचकर अन्य कार्य संपादित कर सकते थे।

# स्कूलों में तंत्र-मंत्र को लेकर दहशत, बोरसी के बाद केलाबाड़ी में घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवकाश के दिनो में शासकीय स्कूल में चोरी की कई वारदातें तो घटती रहती हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से स्कूलों में तंत्र-मंत्र की घटनाएं घट रही हैं। इससे न सिर्फ स्कूल के बच्चे बल्कि टीचर भी दहशत में हैं। पिछले 6 महीने में दुर्ग जिले में इस तरह की दो अलग अलग घटनाएं घट चुकी हैं। इसमें बोरसी शासकीय स्कूल में कोयल की बलि देकर प्रिंसिपल कक्ष के सामने फेंक दिया गया था। वहीं बीते 15 फरवरी व महाशिवरात्रि के दिन केलाबाड़ी शासकीय स्कूल में स्कूल का दरवाजा तोड़कर अंदर तंत्र-मंत्र की क्रिया को अंजाम दिया गया है। स्कूल जाकर पता किया गया तो वहां के प्रधान पाठक ने बताया कि हमेशा की तरह शनिवार को स्कूल बंद होने के बाद ताला लगाकर सभी स्टॉफ अपने घर चले गए थे। अगले दिन रविवार और महाशिवरात्रि की छुट्टी थी। सोमवार सुबह जब स्कूल के टीचर वहां पहुंचे तो देखा कि हेड मास्टर के कक्ष के सामने तंत्र मंत्र करने जैसी क्रिया की गई थी। कुछ आकृतियां भी स्कूल की सीढ़ियों में बनाई गई थीं। कई जगह की आकृतियों को वहां की महिला सफाई कर्मी ने धुल दिया था, लेकिन हेड मास्टर ने उसे बीच में रोका और मामले की जानकारी पद्मनाभपुर थाने में दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद 18 फरवरी को मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**बोरसी शासकीय स्कूल में कोयल की दी गई बलि वहीं दुर्ग के स्कूल में तंत्र मंत्र कर बनाई गई आकृति पुलिस जांच में जुटी**





### जानिए, कोयल की बलि देने का मामला

दुर्ग जिले के बोरसी स्थित शासकीय स्कूल में 5 सितंबर 2025 को कोयल की बलि देने का मामला घटित हो चुका है। कुछ अराजक तत्वों ने एक कोयल को मारकर स्कूल के प्रिंसिपल कार्यालय के सामने फेंका था। वहां सिंदूर, कटा नींबू और तंत्र-मंत्र से जुड़ी चीजें भी पड़ी पाई गईं। सुबह जब स्कूल का स्टॉफ पहुंचा और यह देखा तो उन्होंने मामले की शिकायत संबंधित थाने में की। इस मामले का आरोपी अब तक नहीं पकड़ा गया है।

### स्कूल में तोड़फोड़ कर जलाए दस्तावेज व किताबें

इस घटना में अराजकतत्वों ने स्कूल का गेट तोड़ा और अंदर जाकर न सिर्फ तंत्र-मंत्र किया, बल्कि अंदर रखे दस्तावेज और किताबों में आग लगा दिया। स्कूल के अंदर से धुंआ निकलता देख कुछ लोगों ने भी स्कूल के स्टॉफ को खबर की है। मामले की जानकारी डीईओ दुर्ग को भी दी गई है। सूचना के बाद शिक्षा विभाग ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी पतासाजी कर रही है।

'परीक्षा उत्सव' के साथ भविष्य की उड़ान

# परीक्षा उत्सव के साथ बारहवीं बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं (हायर सेकेंडरी) की मुख्य परीक्षा का शुभारंभ दल्लीराजहरा नगर सहित पूरे जिले में आज उत्सवपूर्ण, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ। नगर में इसे 'परीक्षा उत्सव' के रूप में देखा गया, जहाँ छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, अभिभावकों में उम्मीद और प्रशासन में जिम्मेदारी की झलक साफ दिखाई दी। पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर भौतिक शास्त्र और भूगोल विषय की परीक्षाएं आयोजित की गईं। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की कतारें, अभिभावकों की प्रार्थनाएँ और शिक्षकों की सजग निगरानी देखने को मिली।

### नकलमुक्त परीक्षा की मिसाल

पूरे जिले में नकल का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया, जो प्रशासनिक तैयारी और सख्त निगरानी व्यवस्था की बड़ी सफलता मानी जा रही है।परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल पूरी तरह सक्रिय रहा और लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करता रहा।

### प्रशासनिक व्यवस्था रही चाक-चौबंद

परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, पर्यवेक्षक शिक्षक, केंद्राध्यक्ष और उड़नदस्ता दल की मौजूदगी रही। प्रवेश से लेकर परीक्षा कक्ष तक हर स्तर पर सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे परीक्षार्थियों को एक तनावमुक्त वातावरण मिला।



### विद्यार्थियों में दिखा आत्मविश्वास

छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित था और समय प्रबंधन के लिए पर्याप्त अवसर मिला। कई विद्यार्थियों ने कहा कि "शांत माहौल और बेहतर व्यवस्था ने परीक्षा को आसान बना दिया।"

### भविष्य की ओर मजबूत कदम

दल्लीराजहरा में बोर्ड परीक्षा का यह शुभारंभ सिर्फ एक परीक्षा नहीं, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य निर्माण की शुरुआत है। 'परीक्षा उत्सव' का यह माहौल शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच और प्रशासनिक सजगता का प्रतीक बनकर सामने आया है।

### एसडीएम ने पीएमश्री स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बालोद।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर राम कुमार सोनकर ने गुरूर विकासखंड के पीएमश्री स्कूल भिरई एवं पीएमश्री स्कूल गुरूर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सोनकर ने विद्यार्थियों से विषयवार चर्चा कर आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने स्कूल परिसर में स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को कहा।



# नीलकंठ बने परिक्षेत्र अध्यक्ष, समाज के उत्थान का लिया संकल्प



**अंडा।** ग्राम ओडारसकरी परिक्षेत्र में संत बाबा गाडगे धोबी समाज की बैठक में नए पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत देवरी (द) के पंच नीलकंठ निर्मलकर को सर्वसम्मति से परिक्षेत्र अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ डोमन निर्मलकर (देवगहन) उपाध्यक्ष, कुंवरसिंह निर्मलकर (ओडारसकरी) सचिव तथा उमेश कुमार निर्मलकर (खुरसुनी) को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

निर्वाचन के उपरांत अध्यक्ष नीलकंठ निर्मलकर एवं समस्त नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और समाज हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई।

अपने संबोधन में अध्यक्ष नीलकंठ निर्मलकर ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने और उसके समग्र उत्थान के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सभी सामाजिक बंधुओं के सहयोग से सकारात्मक बदलाव लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज अब केवल "बेटी-रोटी" तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। अंत में अध्यक्ष ने परिक्षेत्र के समस्त सामाजिक बंधुओं से समाज के विकास और एकजुटता के लिए सहयोग की अपील की।

# बालोद में जनसमस्या निवारण शिविर 13 व 26 मार्च को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम पोण्डी में 13 मार्च तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में 26 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन हेतु ग्राम पोण्डी में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी बालोद नूतन कंवर नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह ग्राम अरमरीकला में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी गुरूर रामकुमार सोनकर नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह न्यूनतम दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनमें सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। जिससे राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

# शादी का प्रलोभन देकर युवती से अनाचार, 10 साल का कारावास

**दुर्ग।** शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले को न्यायालय से 10 साल कैद की सजा सुनाई। साथ में 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। घटना भिलाई-तीन थाना क्षेत्र की है। प्रकरण के मुताबिक घटना 18 नवंबर 22 से 23 नवंबर 2023 के बीच है। आरोपी सेजा खरोरा रायपुर निवासी सेवाराम पिता इतवारी राम मिर्झा (31 वर्ष) ने जून 2022 में पहले सोशल मीडिया के जरिए युवती से पहचान बढ़ाई। इसके बाद शादी के लिए लड़की तलाशने की बात कहकर संपर्क बढ़ाया। शादी का प्रलोभन देकर अनाचार किया। इसके बाद किसी अन्य लड़की से सगाई कर ली। युवती को जब इस बारे में जानकारी हुई तो उसने थाने में मामले की शिकायत की। भिलाई-तीन पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी संजय कुमार सिंह ने की।

# बहन की शादी के एक दिन पहले ही भाई की सड़क हादसे में मौत, मातम में बदली खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**मामला धमधा थाना क्षेत्र का**

धमधा थाना क्षेत्र में बहन की शादी के एक दिन पहले ही सड़क हादसे में एक भाई की मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई घायल है। सूचना मिलते ही धमधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा फरार वाहन की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि बहन की शादी के एक दिन पहले हुए इस हादसे के बाद परिवार सहित पूरे गांव में खुशियों का माहौल पल भर में ही मातम में बदल गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरहापुर निवासी जगन्नाथ साहू और रोहित साहू धमधा की ओर जा रहे थे। दोनों सगे भाई है। इसी दौरान खैरागढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छोटे भाई रोहित साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं बड़े भाई जगन्नाथ साहू की हालत गंभीर होने के कारण उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को बरहापुर गांव में साहू समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित है। इसी में बहन की भी शादी होनी थी। शादी की तैयारी में पूरा परिवार जुटा हुआ था।

# नहीं होगी संजय नगर मैदान की नीलामी, कमिश्नर ने किया प्रक्रिया को स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संजय नगर तालाब के पास स्थित खेल मैदान को नीलाम करने की प्रक्रिया को भिलाई नगर निगम के कमिश्नर ने स्थगित कर दिया। इससे पहले भिलाई के महापौर नीरज पाल ने महापौर परिषद और एमआईसी में इस जमीन को नीलाम करने का प्रस्ताव लाया था। जैसे ही इसकी जानकारी निगम के भाजपा और निर्दलीय पार्षदों को हुई उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया।

इसके विरोध में 5 पांच निर्दलीय पार्षद लामबंद हुए। उन्होंने संजय नगर मैदान बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले इसका विरोध शुरू किया। इसके विरोध में निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और दुर्ग सांसद के प्रतिनिधि प्रमोद सिंह भी खुलकर उतरे। इसके लिए उग्र आंदोलन की तैयारी की गई और संजय नगर में एक बड़ी बैठक बुलाई गई। बैठक में निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी, पार्षद रविशंकर कुर्रे , पार्षद रानू राजू साहू , पार्षद राजा बंजारे सहित अन्य ने संजय नगर के निवासियों के साथ विरोध किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने भी मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विभाग को अवगत कराया, की इस नीलामी की प्रक्रिया को रोका जाए। सांसद प्रतिनिधि ने भी भाजपा के आला नेताओं का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसके बाद वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने निगम कमिश्नर को निर्देश दिया को वो इस प्रक्रिया को तत्काल रोकें। भारी दबाव के बाद कमिश्नर ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। इकलौते संजय नगर ग्राउंड को नीलाम होने से रोकने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन निगम कमिश्नर से उनके कार्यालय में मिलने पहुंचे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो, नजरूल खान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले के मामले में छावनी थाना पुलिस ने धारा 299 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पालक संघ के पूर्व अध्यक्ष नजरूल खान द्वारा सोशल मीडिया पर भगवा आतंकवादी लिखते हुए एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया था। इसकी जानकारी लगते ही हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए छावनी थाने का घेराव कर उसकी गिरफ्तार की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसे लेकर थाने में दो पक्षों के बीच जकर विवाद हुआ। जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन भिलाई-3 क्षेत्र अंतर्गत देवबलोदा में बड़े मेले का आयोजन हुआ था। इस मेले में भाईजान चाट भंडार का संचालक हिन्दू नाम से चाट दुकान चला रहा था।

छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों को इसकी शिकायत मिली तो उन्होंने वहां जमकर बवाल किया। इसके बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ठेला संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। इस घटना के बाद विशेष समुदाय में रोष पनपा और इस तरह वीडियो नजरूल खान के द्वारा डाला गया।

**भिलाई निगम के आयुक्त ने शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र का किया निरीक्षण**

# जोन-4 के इंडोर स्टेडियम का होगा मेंटेनेंस, आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शहर के स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए इंडोर स्टेडियम, रिक्त भूखण्ड, आवास सहित उद्यान का निरीक्षण किया गया। उपस्थित अधिकारियों को संधारण एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा गया है। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा जोन-4 इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया है। आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम के संधारण कार्य को प्राक्कलन अनुसार शेष कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देशित किए हैं। इंडोर स्टेडियम तैयार होने से खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं हुनर वाले खिलाड़ियों को विशेष सुविधा मिलेगी। निगम आयुक्त कुछ समय के लिए अन्य अधिकारियों के साथ बैडमिंटन खेले और बैडमिंटन खेलने के कुछ टिप्स भी दिए । सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें ।



### पिंक उद्यान का किया अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने वार्ड क्रमांक 51 में नागरिकों की सुविधाओं के लिए उद्यान निर्मित है। आयुक्त ने पिंक उद्यान का अवलोकन करते हुए सिंचाई एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा है। नेशनल हाईवे से लगे रिक्त भूखण्ड का अवलोकन किये, आगामी समय में नागरिको की आवश्यकता अनुसार सुविधाओं के विकास हेतु उपयोग पर चर्चा किया गया है। उन्होंने शिवाजी नगर में अटल आवास का निरीक्षण करते हुए कालोनी एवं आस-पास की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने कहा है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, बालकृष्ण नायडू आदि मौजूद थे।

### रिसाली महापौर विकास कार्यों को लेकर वार्डों में ले रही हैं फीडबैक

**भिलाई।** रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा विकास कार्य और व्यवस्थाओं का फीडबैक लेने वार्डो तक पहुंच रही है। अल सुबह वार्ड 15 मौहारी मरोदा पहुंची। रिसाली महापौर नागरिकों से बातचीत करते नाली पर हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए। मौहारी मरोदा क्षेत्र का भ्रमण करते महापौर और एमआईसी सदस्यों ने साफ सफाई समेत व्यवस्थाओं पर नागरिकों से चर्चा की। उनका कहना था कि फीडबैक के आधार पर ही वे कार्य योजना तैयार कर विकास को गति देंगे। नागरिकों से मिले सुझाव को वे प्राथमिकता भी देंगे। इस दौरान उनकी नजर प्रजापति किराना स्टोर्स के पास नाली पर हुए अतिक्रमण पर टीकी। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम समेत प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी योगेश सुरे, जलकार्य विभाग के गोपाल सिन्हा आदि मौजूद थे।



**सफाई व्यवस्था पर दें ध्यान :** निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था को भी देखी। उन्होंने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि जाम नाली की सफाई सबसे पहले कराएं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कहीं गंदा पानी का जमावड़ा तो नहीं हो रहा है। इस दौरान नागरिकों ने कुछ खंभों में लाइट नहीं जलने की शिकायत की। नागरिकों का कहना था कि गली में अंधेरा रहता है। महापौर ने नागरिकों को खंभे पर लाइट लगवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने रास्ते के बीच लगे बिजली खंभा को हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने के निर्देश भी दिए।

# पलाश के फूलों से बनेगा प्राकृतिक रंग, होली पर बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में होली के पर्व को लेकर पलाश के फूलों की मांग में तेजी देखी जा रही है। ग्रामीण इलाकों साल्हे ,सिघनवाही, बोरगांव पुत्तरवाही,में लोग जंगलों और आसपास के क्षेत्रों से पलाश के फूल एकत्र कर पारंपरिक तरीके से प्राकृतिक रंग तैयार कर रहे हैं। इन फूलों को सुखाकर, उबालकर और छानकर रंग बनाया जाता है, जो पूरी तरह त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होता है।

केमिकल युक्त रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए लोग अब तेजी से प्राकृतिक रंगों की ओर रुख कर रहे हैं। पलाश से बना रंग न केवल प्राकृतिक सुगंध और सौम्य रंगत देता है, बल्कि यह जल, मिट्टी और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता। यही कारण है कि बाजारों में केमिकल रंगों की जगह अब पलाश के फूलों से बने प्राकृतिक रंगों की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण निवासी रामप्रसाद ने बताया, हम हर साल पलाश के फूल इकट्ठा कर रंग बनाते हैं। इससे त्वचा पर कोई नुकसान नहीं होता और बच्चों के लिए भी यह पूरी तरह सुरक्षित रहता है। महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी सीता बाई का कहना है, प्राकृतिक रंग बनाने में मेहनत जरूर लगती है, लेकिन यह स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहतर है। लोग अब खुद केमिकल रंगों से बचना चाहते हैं। युवा किसान मोहन यादव ने बताया, पलाश के फूलों से बना रंग शुद्ध होता है, इसकी खुशबू भी अच्छी होती है और इससे प्रकृति को भी कोई हानि नहीं होती।



### प्राकृतिक रंगों की ओर रुख

इस तरह होली के अवसर पर पलाश के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग न केवल परंपरा को जीवित रख रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल बनते जा रहे हैं।

होली में प्रकृति की सौगातः पलाश के फूलों से बनेगा सुरक्षित प्राकृतिक रंग

होली के त्योहार को लेकर पलाश के फूलों की मांग तेजी से बढ़ी है। लोग जंगलों और आसपास के क्षेत्रों से फूल एकत्र कर पारंपरिक विधि से प्राकृतिक रंग बना रहे हैं, जो त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

## खबर संक्षेप

### देवेंद्र जोशी मंडल का अध्यक्ष बने



**बालोद/देवरी।** भाजपा मंडल खेरथा में युवा मोर्चा महामंत्री का कर्तव्य निभाने के बाद देवेंद्र जोशी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद जिला के सुरेगांव मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर कार्यकताओं और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

### शुष्क दिवस पर शराब दुकानें खोलने के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** शिवसेना जिला ईकाई बालोद ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं भारत के प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा शुष्क दिवसों पर कटौती करते हुए शासकीय मदिरा दुकानें खुली रखने की छूट दी है का विरोध दर्ज कराया गया है। शिवसेना जिला अध्यक्ष विजय पारख ने बताया कि एक तरफ सरकार नशा मुक्ति अभियान के नाम पर बड़े बड़े होर्डिंग्स विज्ञापन लगाती है, करोड़ों रुपयों को बेमतलब खर्च कर रही वहीं दूसरी तरफ खुद शराब का व्यापारी बनी हुई है। प्रदेश की आम भोली भाली सहज सरल युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं को नशे के गिरफ्त में झोंका जा रहा है। विजय पारख ने कहा कि होली आदि पर्वो ,पूर्व के घोषित शुष्क दिवस जिसमें शराब आदि बेचे नहीं जाते, मदिरालय बंद रहते हो और प्रदेश में शराब दुकानों, बार आदि की बाढ़ लाने के बजाय इसमें पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए। इस अवसर पर जयप्रकाश चंद्राकर, ललित रावत, बलराम साहू, हितेश पटेल, ललिता देवांगन, हेमंत शर्मा व पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शॉप्स ज़ोन के कर्मचारियों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शॉप्स ज़ोन द्वारा आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत शाप्स जोन के 23 बीएसपी कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। मुख्य महाप्रबंधक एचक सचदेव, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक क सुपर्णा, महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश वर्मा सहित मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्हें ब्लास्ट फर्नेस 8, एसएमएस–3, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल तथा कोक ओवन्स का भ्रमण कराया गया।

## निधन

### दाऊ लाल लावत्रे



**गुरूर।** नगर निवासी दाऊ लाल लावत्रे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### अमर सिंह श्याम



**बालोद।** ग्राम लिमोरा निवासी सेवा निवृत व्याख्याता एवं पूर्व अध्यक्ष गोंड़वाना समाज तहसील बालोद का निधन 19 फरवरी दिन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## महिलाओं ने लिया सामाजिक बदलाव का संकल्प

# अंडा थाना में 500 महिला कमांडो को मिला सिविल डिफेंस प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में 20 फरवरी को थाना अंडा परिसर में महिला कमांडो के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनुप लकड़ा (पाटन) एवं डॉ. चित्रा वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस प्रेरक आयोजन में दुर्ग जिले सहित लगभग 40 गांवों की महिला कमांडो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। थाना अंडा, थाना पुलगांव, चौकी अंजोरा, नगपुरा, जेवरासिरसा, थाना बोरी तथा चौकी लिटिया-सेमरिया क्षेत्र की करीब 500 महिला कमांडो की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा तथा नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक करना था। उपस्थित महिला कमांडो को पद्मश्री शमशाद बेगम (सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला कमांडो की संस्थापिका) तथा रसीद खान (सचिव, महिला कमांडो) ने संगठन के उद्देश्य, कार्यशैली और समाज में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं नशा मुक्ति :

उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने गांवों में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला सेनानी श्री नागेंद्र सिंह एवं एसडीआरएफ की टीम ने महिला कमांडो को प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप और आगजनी की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी। टीम द्वारा आपदा के समय सतर्कता, प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत हुई। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं नशा मुक्ति को लेकर विशेष जोर दिया गया।

### कुरीतियों और नशे के खिलाफ अभियान

वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ सामाजिक कुरीतियों और नशे के खिलाफ अभियान चलाने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी महिला कमांडो ने सामूहिक रूप से "सशक्त नारी – सशक्त छत्तीसगढ़" तथा "नशा मुक्त समाज – सुरक्षित समाज" का संकल्प लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

# हर्षोल्लास से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती



**बालोद।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बालोद ने वीर, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा उनके आदर्शों को नमन किया गया।

■ प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन

इस दौरान दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बालोद के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्यगण, स्वजातीय सदस्यों की उपस्थिति रही।

**इनकी रहीं उपस्थिति :** कार्यक्रम अध्यक्ष वाईके देशमुख, डीएस देशमुख, संरक्षक तेजराम देशमुख, महिला अध्यक्ष पुष्पा देशमुख, उपाध्यक्ष मालवीय देशमुख, सचिव धर्मेंद्र देशमुख, कोषाध्यक्ष भोलेश्वर अमृत, सहसचिव सुरेंद्र हरमुख कार्यकारणी सदस्य पुरुषोत्तम देशमुख, उमेश देशमुख, अशोक देशमुख, रूपनारायण देशमुख, कृष्ण कुमार हरदेल महिला पदाधिकारियों में कुमुदिनी देशमुख, संध्या देशमुख, कुसुम देशमुख, राधा देशमुख, हुलसी देशमुख, सरिता देशमुख, लीना हरदेल, जया हरदेल सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय सदस्य उपस्थित थे।वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के साहस, राष्ट्रभक्ति और सुशासन की नीति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने एवं शिवाजी के पराक्रम को जन जन तक पहुंचने का आह्वान किया।

# रजिस्ट्री की दरों पर संशोधन से मिला राहत, चेंबर से जताया आभार

**बालोद।** छत्तीसगढ़ चौंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने बताया बालोद जिले में रजिस्ट्री दरों में संशोधन किया गया है। इसके लिए उन्होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ चैबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



स्वाधीन जैन ने बताया कि उन्होंने पूर्व में एक पत्र के माध्यम से बालोद जिले में रजिस्ट्री दरों में अत्यधिक वृद्धि के कारण उत्पन्न आर्थिक दबाव की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उनकी मांग थी कि बालोद जिले में भी रायपुर और कोरबा जैसे प्रमुख जिलों के समान रजिस्ट्री दरें लागू की जाएं, ताकि ग्रामीणों, किसानों और छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके। राज्य सरकार ने उनकी मांग को गंभीरता से लिया और संशोधन आदेश जारी किया।

रजिस्ट्री दरों में कमी के आंकड़े में मेन रोड वाली जमीन पूर्व में रजिस्ट्री दर 200 प्रतिशत तक बढ़ाई गई थी। अब रजिस्ट्री दर घटाकर 84 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे 116 प्रतिशत की कमी अर्थात, पहले की तुलना में 116 प्रतिशत कम शुल्क लगेगा।

अंदर की जमीन इनलैंड में पूर्व में रजिस्ट्री दर 180 प्रतिशत तक बढ़ाई गई थी। अब रजिस्ट्री दर घटाकर 83 प्रतिशत कर दी गई है जिससे 97 प्रतिशत कमी की गई अर्थात पहले की तुलना में 97 प्रतिशत कम शुल्क लगेगा। यह संशोधन 20 नवंबर 2025 के आदेश के बाद लागू हुआ है और अब सभी नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्वाधीन जैन ने कहा बालोद जिला मुख्यतः कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां के लोगों के लिए जमीन की खरीद–फरोख्त एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है।

# महाविद्यालय में ओपन प्लेसमेंट कैंप हुआ

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद में प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में उड़ान 2026 ओपन प्लेसमेंट कैंप जिसका आयोजन जुलाई 2026 में होना है। उसके प्रथम चरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सीडी मानिकपुरी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ दुर्गा त्रिपाठी थी। विशिष्ट अतिथि डॉ लीना वैष्णव एवं संयोजक करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल एवं विभाग अध्यक्ष वाणिज्य प्रोफेसर सुनीता गणेश जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक मानिकपुरी, सहायक अध्यापक सुनीता गणेश जोशी द्वारा कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया। सहायक अध्यापक डॉ जेके पटेल द्वारा आज के परिवेश में उपलब्ध अवसर एवं चुनौतियां के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए भविष्य में रोजगार प्राप्ति हेतु अपनी क्षमताओं को विकसित करने की प्रेरणा दी। सहायक प्राध्यापक लोमन टंडन द्वारा आज के बाजार के अनुरूप वर्तमान समय में एआई के बढ़ते स्वरूप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसके अनुसार कौशल विकसित करने ध्यान आकर्षित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ दुर्गा त्रिपाठी द्वारा विद्यार्थीयों को उत्प्रेरक वचनों से संबंधित करते हुए पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से योग्यता परीक्षण, सामूहिक परिचर्चा, इंटरव्यू आदि कौशल को विकसित करने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी उदाहरण प्रस्तुत कर दिया गया, साथ ही उपस्थित छात्र–छात्रओं का योग्यता परीक्षण लिया गया।



### 40 विद्यार्थियों का चयन

इस परीक्षा में 70 विद्यार्थियों ने शामिल हुए, उनमें से 40 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण हेतु किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कार्यक्रम के संयोजक सुनीता गणेश जोशी द्वारा मंच पर उपस्थित कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि, अतिथि व्याख्याता गण एवं छात्र–छात्रओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि व्याख्याता रानू देशलहरे, सहायक प्राध्यापक डॉ जेके पटेल, शैलेंद्र आर्य, रितु पिसदा, डॉ डीगेशश्वरी देवांगन, मुरलीधर साहू, तामेश्वर दास गाने, सरिता कोरेटी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे का अधिकार अब ग्राम पंचायतों को, सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण



**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं भू–राजस्व संहिता अधिनियम 1959 में संशोधन उपरांत अविवादित नामांतरण एवं बंटवारों का निराकरण का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया है। जिसके तहत बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बालोद में 18 फरवरी एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में 19 फरवरी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में भुईंया पोर्टल, सीजी रेवेन्यू पोर्टल के संचालन एवं भू– राजस्व संहिता अधिनियम 1959 के तहत कंडिका 5 में उल्लेखित संहिता की धारा 128 (2) एवं 130 तथा अविवादित मामलों के संबंध में धारा 110, 178, 178 (क) एवं 178 (ख) के अंतर्गत तहसीलदार की शक्तियों छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के अधीन गठित पंचायतों को उनके क्षेत्रधिकार के भीतर होगी। उक्त कंडिका के माध्यम से अविवादित नामांतरण एवं बटवारा संबंधि अन्य राजस्व कार्यों हेतु ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्रधिकार के भीतर अधिकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिक पंजीयन पोर्टल के पंजीयन की प्रक्रिया एवं आवेदन प्रस्तुत करने की प्रकिया तथा आम नागरिकों को पोर्टल में हो रहे कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सचिवों के लॉगिन आईडी की उक्त प्रक्रिया के कियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारी पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण के माध्यम के प्रदाय किया गया। राजस्व के संबंध में राजस्व विभाग से तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह धुरव एवं तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा ने राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के संबंध में सचिवों को विशेष रूप से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में संबधित जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी झुमुक सिंह राजपूत, गुण्डरदेही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना, लोकेश सिन्हा, जिला समन्वयक एवं विमल सोनकर, सहायक जिला समन्वयक वरिष्ठ करारोपन अधिकरी चम्पेश्वर यदु, सुरेन्द्र कुमार चन्द्राकर अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विधायक संगीता ने दिव्यांगजनों को दी बैटरी चलित ट्रायसायकिल



**गुरूर।** संजारी–बालोद विधायक संगीता सिन्ह ने ग्राम भेजा मैदानी दिव्यांगजन यमुना साहू एवं ग्राम ठेकवाडीह रामकैलाश ठाकुर को बैटरी चलित ट्राय साइकिल प्रदान किया। इससे अब उन्हें आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। दोनों हितग्राहियों ने इसके लिए विधायक का आभार जताया। दिव्यांगजनो ने विधायक से अपनी परेशानी बताते हुए सहयोग की अपेक्षा की थी। विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने ग्रामीणो की परेशानियो को देखते हुए तत्काल ट्रायसिकल प्रदान किया।

# पीएससी के प्रारंभिक परीक्षा पर अपर कलेक्टर का निर्देश जारी



**बालोद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2025 के पारदर्शी एवं सफल आयोजन हेतु अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में संबंधित प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित रख–रखाव के संबंध में निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2025 अंतर्गत प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिले में कुल 06 परीक्षा केन्द्र है, जिसके लिए 02 उड़नदस्ता टीम बनाया गया है। इसके साथ ही राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के अन्य सामग्री वितरण संबंधित प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष को प्रदान किया गया है।

# बोर्ड की परीक्षा 2026 की शुरुआत, सेजस में 120 विद्यार्थी हुए शामिल



**जामगांव आर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा शुक्रवार को हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 की श्री गणेश हुआ। सेजस जामगांव आर परीक्षा केंद्र में भूगोल, भौतिक शास्त्र की 122 विधार्थियो में से 120 विधार्थियो ने परीक्षा दिए। एक भूगोल और एक भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, परीक्षा केंद्र सेजस जामगांव आर में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भरर, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर तथा सेजस जामगांव आर के परीक्षाथएँ शामिल हुए।

वहीं दूसरी ओर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने पूर्व प्राथमिक कक्षा अरुण एवं उदय की वार्षिक परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ किए। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि कक्षा प्रथम की संस्थान गत संस्कार युक्त विषयों की परीक्षा भी प्रारंभ हुई। कक्षा प्रथम के मुख्य विषयों की परीक्षा आगामी माह अन्य कक्षाओं की परीक्षा के साथ ली जा सकेगी।




## खबर संक्षेप

### होली पर शराब दुकानें खोलने का युवा कांग्रेस ने किया विरोध



**डौंडीलोहारा।** होली पर्व पर शराब दुकानें खोलने के सरकार के निर्णय का युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक डोमेन्द्र साहसी डौंडी लोहारा ने इसे प्रदेश की सांस्कृतिक परंपराओं और जनभावनाओं के विपरीत बताया है। डोमेन्द्र साहसी ने जारी बयान में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे पावन अवसर पर शराब बिक्री की अनुमति देना समाज में गलत संदेश देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती सहित कई राष्ट्रीय पर्वों पर शराब दुकानें बंद रखने की परंपरा रही है, जिसका उद्देश्य समाज को नशामुक्ति की ओर प्रेरित करना और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। शराब दुकान खोलने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय संवेदनहीनता को दर्शाता है। त्योहारों के दौरान शराब की बिक्री से महिलाओं, बच्चों और युवाओं की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही दुर्घटनाओं, आपसी विवादों और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। युवा कांग्रेस नेता ने प्रदेश सरकार से तत्काल इस फैसले पर पुनर्विचार करने और होली के दिन प्रदेशभर में शराब दुकानें बंद रखने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी की गई तो युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। अंत में उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस सदैव जनता, युवाओं और महिलाओं के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी।

# रामकथा जीवन-दर्शन है, चरित्र ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति- पं. सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वार्ड क्रमांक 27, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 16 से 26 फरवरी 2026 तक मां शीतला महिला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत कथा के चौथे दिन भावपूर्ण प्रसंगों की प्रस्तुति हुई। कथा वाचनकर्ता पंडित सुरेश प्रसाद शर्मा (महाराज, पांडे टोला, छुरिया) ने रामचरितमानस और भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथाओं के माध्यम से जीवन-दर्शन को सरल शब्दों में समझाया। पंडित सुरेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि "रामकथा केवल सुनने की नहीं, जीवन में उतारने की कथा है। यह हमारे जीवन का दर्पण और दर्शनशास्त्र है। चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है।" उन्होंने जटायु प्रसंग के माध्यम से बताया कि वचन, त्याग और धर्मपालन का महत्व कितना महान है। भगवान राम द्वारा जटायु का अंतिम संस्कार करने का प्रसंग मर्यादा और करुणा का अद्भुत उदाहरण है।

कथा में वामन अवतार और राजा बलि की दानवीरता का प्रसंग भी भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि वचनबद्धता, त्याग और भक्ति के कारण राजा बलि को भगवान विष्णु का सान्निध्य प्राप्त हुआ और वे पाताल के राजा बने।

**शीतला माता मंदिर में भागवत कथा का चौथा दिवस भावविभोर रहा**





**बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित**

रक्षाबंधन से जुड़ा लक्ष्मी–बलि प्रसंग भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के अवतारों की व्याख्या करते हुए बताया गया कि श्रीराम मर्यादा, वचनपालन और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं, जबकि श्रीकृष्ण कर्मयोग, भक्ति और धर्मरक्षा के संदेशवाहक हैं। गीता के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कर्मप्रधान जीवन की महत्ता बताई गई। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति, ज्ञान और भावनात्मक प्रसंगों से भरी इस कथा ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

## मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण कार्य का जायजा

# जिपं सीईओ ने गंगोरीपार का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी ने विकासखंड गुरूर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगोरीपार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में संचालित विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभों का प्रत्यक्ष आकलन करना था।

■ 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत की परिकल्पना

ग्राम पंचायत गंगोरीपार अंतर्गत संचालित मनरेगा के तहत चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य में कुल 216 मजदूर नियोजित हैं। कार्यस्थल पर वीबी जी राम जी योजना पर विशेष फोकस करते हुए मजदूरों द्वारा जागरूकता के उद्देश्य से श्रमिको से चर्चा के माध्यम से विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गांरटी मिशन ग्रामीण योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं महत्व को श्रमिकों एवं ग्रामीणों तक पहुँचाने का प्रयास किया गया।

सुनील चंद्रवंशी ने बाताया कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गांरटी मिशन ग्रामीण 125 दिवस का रोजगार की गारंटी, 07 दिवस में अनिवार्य रूप से मजदूरी भुगतान, वर्षा ऋतु में खेती–किसानी के समय कृषकों के हितों में 02 माह कार्य बंद रखे जाने का प्रावधान, कार्य की चार प्रमुख श्रेणियाँ जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य जैसे पुराने तालाबो का नवनीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, परकोलेशन टैंक निर्माण, सामुदायिक वाटर रिर्जाच पिट, वृक्षारोपण कार्य, चेक डेम निर्माण, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य जैसे ऑगनबाड़ी भवन निर्माण, नवीन पंचायत भवन, स्कूल भवन, ग्रामीण पंहुच मार्ग निर्माण, सामुदायिक शौचालय आदि निर्माण कार्य तीसरा आजीविका संवर्धन के कार्य, महिला समुह के एसएचजी शेड़ निर्माण, बकरी शेड, मुर्गी शेड़, पशु शेड, बागवानी, आजिविका डबरी आदि कार्य, जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य विकास जैसे बाढ़, तुफान, अतिवृस्टि आदि प्रा—तिक आपदाओ से होने वाले हानि से बचाव कार्य के मापदंडों के अनुरूप ए, बी, सी, केटेगरी में ग्राम पंचायतों वगऍकरण, प्राकृतिक आपदाओं अथवा असाधारण स्थिति हेतु कार्ययोजना, ग्राम पंचायतों को 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत निर्माण की परिकल्पना की गई है, अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित कर आजीविका से जोड़ते हुए कौशल विकास में वृद्धि का प्रावधान किया गया है।



**जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण**

विकसित ग्राम पंचायत प्लान के सभी कार्यों को विकसित भारत नेशनल रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टेक में एकीकरण किया जाएगा, पारदर्शिता एवं जवाबदेहीः पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, स्थानिक प्रौद्योगिकी आधारित स्पैटियल टेक्नालॉजी आयोजना, मोबाइल एवं डैशबोर्ड आधारित निगरानी तथा साप्ताहिक सार्वजनिक समीक्षा प्रणालियों के माध्यम से प्रावधान किए जाएंगे। सामाजिक अंकेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ उमेश रात्रे, अतिसीईओ आरएल. सिरमौर, एनके.बागडे, मनरेगा एपीओ ओपी साहू, जिला समन्वयक प्रभात साहू, पीओ योगेश देवागन, संबंधित तकनीकी सहायक और सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# मानव जीवन रत्नों से भी बढ़कर अनमोल - मंजुला श्रीजी मसा



**डौंडीलोहारा।** नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण के सभागार में गुरुवार को आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला में निपुणा शिशु प्रवचन प्रभाविका महासती मंजुला श्रीजी मसा ने अमूल्य मानव देह की दुर्लभता विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मानव जन्म अत्यंत दुर्लभ है और देवता भी इस नर तन की प्राप्ति के लिए तरसते हैं। मनुष्य जीवन की मौलिकता धन, संपत्ति, रूप या सत्ता में नहीं, बल्कि आत्मस्वरूप को पहचानने और लक्ष्यदृष्टा बनने में है। महासती जी ने कहा कि यह नर देह रत्नों से भी बढ़कर अनमोल है। जैसे हम हीरे-मोती की रक्षा करते हैं, वैसे ही इस शरीर का सदुपयोग साधना, आराधना और आत्मकल्याण में करना चाहिए। उन्होंने संतों के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव जीवन मोक्ष की सीढ़ी है, जिसे सम्यक पुरुषार्थ से ही सार्थक बनाया जा सकता है। केवल प्रवचन सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारना आवश्यक है।

■ अमूल्य मानव देह की दुर्लभता पर हुआ प्रेरक प्रवचन

उन्होंने कहा कि आत्मा ही परमात्मा है और प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति निहित है। जिनशासन की प्राप्ति होना सौभाग्य है, अब आवश्यकता है लक्ष्य बनाकर संयम और साधना के मार्ग पर अग्रसर होने की। मनुष्य भव को लाभ में लेना चाहिए, हानि में नहीं।

इस अवसर पर साध्वी मृदुयशा श्रीजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि संसार जड़ और चेतन दो द्रव्यों से संचालित होता है। जड़ दृश्य है, जबकि चेतन अदृश्य है, जिसके गुण ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप हैं। जड़-चेतन के भेद विज्ञान को समझे बिना जीव का भ्रमण समाप्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि जैसे समुद्र पार करने के लिए नाव आवश्यक है, वैसे ही संसार सागर से पार होने के लिए सही ज्ञान आवश्यक है।

# कृषि विभाग ने वितरित किए विद्युत चलित उड़वानी पंखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम पंचायत किल्लेकोडा में कृषि विभाग डौंडीलोहारा द्वारा विद्युत चलित उड़वानी पंखा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डौंडीलोहारा की अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही क्षेत्र क्रमांक 25 के जनपद सदस्य निर्भय राम भंडारी, कृषि विस्तार अधिकारी कुंज लाल कोठारी, ग्राम सेवक अतुल मेश्राम, ग्राम पंचायत सचिव रावेंद्र कुमार मांडवी तथा हस्तशिल्प विकास बोर्ड दुर्ग के ब्रांच प्रबंधक सी.के. केहरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

■ शिल्पकारों के प्रशिक्षण का अवलोकन

इस अवसर पर कुल दस किसानों को विद्युत चलित उड़वानी पंखा प्रदान किया गया। लाभान्वित किसानों में सरुण राणा, अशोक सिन्हा, बरसू राम तारम, कल्याण सिंह सिहारे, रामरतन गांवरे, भागीरथी भंडारी, मन्नू राम विश्वकर्मा, सेवक राम भूआर्य, डोमार सिंह कोसरिया एवं लक्ष्मण सिंह भूआर्य शामिल रहे। अतिथियों ने किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान हस्तशिल्प विकास बोर्ड दुर्ग के ब्रांच प्रबंधक सी.के. केहरी एवं डिजाइनर अशोक मिरी तथा ट्रेनर मनोज कुमार गंगबोईर ने तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी जनपद अध्यक्ष को विस्तार से दी। अध्यक्ष ने शिल्पकारों से मुलाकात कर उनकी कलाकृतियों का अवलोकन किया। प्रशिक्षण के दौरान निर्मित मूर्तियां, सजावटी वस्तुएं एवं गमलों का प्रदर्शन भी किया गया।

इसके पश्चात जनपद अध्यक्ष शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोडा पहुंचीं, जहां व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी ने स्कूल मैदान, नवीन भवन, शिक्षा व्यवस्था एवं एक चपरासी की पदस्थापना की आवश्यकता से अवगत कराया। अध्यक्ष ने आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।




# शांतिनाथ जिनालय में त्रिदिवसीय रजत ध्वजा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शांतिनाथ जिनालय में शुक्रवार से त्रिदिवसीय रजत ध्वजा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। महोत्सव की शुरुआत जैन मंदिर में विराजित परमात्मा की प्रतिमा के अठारह अभिषेक महापूजन से हुई। कार्यक्रम नगर में विराजित निपुणा शिशु प्रवचन प्रभाविका श्रीमंजुलाश्रीजी मसा एवं प्रवचन प्रवीणा महासती स्नेहयशा श्रीजी मसा आदि ठाणा ग्यारह के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। अठारह अभिषेक पूजन के अंतर्गत स्वर्ण जल, दूध, दही, पंचामृत, केसर, चंदन, पवित्र जल, विभिन्न औषधियाँ एवं जड़ी-बूटियों सहित 18 दिव्य द्रव्यों से भक्तों ने मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया। विधिकारक हुकुमचंद मुनोत (खैरागढ़) एवं अरविंद भाई चौरड़िया (इंदौर) की टीम ने साध्वीवृंद के निर्देशन में संपूर्ण विधि सम्पन्न कराई।

■ अठारह अभिषेक महापूजन से गुंजायमान हुआ नगर





साध्वीवृंद ने प्रवचन में कहा कि वर्षभर में प्रभु के प्रति हुई भूलवश अविनय एवं अशुद्धि के प्रायश्चित हेतु यह महापूजन किया जाता है। परमात्मा की असातना का त्याग ही सच्ची आराधना है। यह अनुष्ठान विघ्नों का नाश कर शांति और समृद्धि का वास कराता है। जैन परंपरा में मान्यता है कि यह पूजा जीवन के 18 कषायों का क्षालन कर आत्मशुद्धि प्रदान करती है।

महापूजन के पश्चात शांतिधारा, आरती एवं मंगल दीपक का आयोजन भी श्रद्धाभाव से सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर चंदन, अक्षत, नैवेद्य एवं रंगोली से सुसज्जित रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय ऊर्जा से भर उठा।

**ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में 'मेंहदी साझी' का आयोजन**

दोपहर बाद नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण में रजत ध्वजा महोत्सव अंतर्गत पल्लवी बाफना एवं जैन श्री संघ की महिलाओं द्वारा 'मेंहदी साझी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परमात्मा की चौबीसी एवं गुणगान से संबंधित भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं ने शुभ मंगल भावों के साथ अपने हाथों में प्रभु नाम की मेंहदी रचाई। "मेंहदी राचन लागी हाथा में प्रभुवर रे नाम री" जैसे भक्ति गीतों एवं घूमर की प्रस्तुतियों से वातावरण धर्ममय हो उठा। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि सांसारिक राग के प्रसंगों में तो मेंहदी लगाई जाती रही है, परंतु आज वीतराग परमात्मा के रजत ध्वजा महोत्सव में वितरागता के रंग में रंगने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# ग्राम तिरगा में धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती



**अंडा।** ग्राम तिरगा में दिल्लीवार कुर्मी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा वीर शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा उनके आदर्शों को नमन किया गया। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विजय बेलचंदन (केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य), दधिश देशमुख (सर्किल युवा अध्यक्ष), गैंदलाल देशमुख (ग्राम प्रधान), रामसाय बेलचंदन (उप प्रधान), शिवाजी स्मारक अध्यक्ष युवराज देशमुख, पीतांबर देशमुख, अघनू देशमुख, वीरेन बेलचंदन, मुन्ना देशमुख, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, शिव प्रसाद देशमुख, हीरालाल दिल्लीवार, अजय देशमुख, सुशील देशमुख, नंदकुमार देशमुख, गोपी देशमुख, सुरेश देशमुख, बिहऊराम देशमुख, सुदर्शन निषाद, धनेश यादव, दौवा देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के साहस, राष्ट्रभक्ति और सुशासन की नीति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जयघोष एवं देशभक्ति नारों के साथ हुआ।

# रायगढ़, बालोद और महासमुंद में नई गाइडलाइन दरें 20 फरवरी से लागू

**बालोद।** केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नई गाइडलाइन दरें बालोद, रायगढ़ और महासमुंद जिलों में 20 फरवरी से प्रभावशील हो रही है। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश दिए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में रायगढ़, बालोद और महासमुंद जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित जिलों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा समग्र विचार–विमर्श के उपरांत रायगढ़, बालोद और महासमुंद जिलों के संशोधित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नई गाइडलाइन दरें रायगढ़, बालोद और महासमुंद जिलों में 20 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। आम नागरिक, संपत्ति क्रेता–विक्रेता तथा अन्य संबंधित हितधारक नवीन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों एवं विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि शेष जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त संशोधित प्रस्तावों पर भी शीघ्र कार्रवाई करते हुए क्रमशः नई गाइडलाइन दरें जारी की जाएंगी।

# न्योता भोज कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी में कार्यरत सफाई कर्मचारी स्व. यादराम धुरव की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी गायत्री धुरव के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज खिलाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित संकुल समन्वयक हेमलाल पटेल, नारद राम साहू, प्रीतिमाला नेताम, भीमसिंह साहू, लोकेश कुमार धुरव एवं सरपंच विशाल दीवान, पुनुराम गुरपंच, दिलीप कुमार निर्मलकर, अनीता साहू, स्व सहायता समूह के सदस्य भारती दीवान ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का श्रद्धांजलि दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)